ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, गुरूवार 16 अप्रैल 2026
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 3 अंक 14


## महिला आरक्षण पर सियासी संग्रामः मोदी बोले- क्रेडिट ले लो, प्रियंका बोलीं- बहकाने वाले पुरुषों को महिलाएं पहचान लेती हैं



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। संसद में महिला आरक्षण विधेयक और परिसीमन से जुड़े संशोधनों पर गुरुवार को जमकर सियासी बयानबाज़ी देखने को मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां विपक्ष को तंज कसते हुए कहा कि "क्रेडिट लेना है तो ले लो, मैं ब्लैंक चेक देने को तैयार हूं", वहीं विपक्ष ने इसे पूरी तरह राजनीतिक संदेश करार दिया। पीएम मोदी ने सदन में कहा कि इस पूरे निर्णय में किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं होगा और यह उनकी "गारंटी" है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला आरक्षण पर सरकार का उद्देश्य राजनीतिक लाभ नहीं है और अगर विपक्ष साथ चलता है तो सभी को श्रेय दिया जाएगा। इस पर पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने तीखा बयान दिया। उन्होंने कहा—"बार-बार बहकाने वाले पुरुषों को महिलाएं पहचान लेती हैं, सावधान हो जाइए नहीं तो पकड़े जाएंगे।"
परिसीमन और सीटों को लेकर बड़ा दावा
गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि दक्षिणी राज्यों की सीटें कम नहीं होंगी बल्कि बढ़ेंगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कुल 543 सीटों में दक्षिण राज्यों की 129 सीटें हैं, जो बढ़कर लगभग 195 हो सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्यों की सीटों में बढ़ोतरी का अनुमान है।
विपक्ष का आरोप—जल्दबाजी और राजनीति
कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने सरकार पर आरोप लगाया कि यह पूरा प्रोसेस जल्दबाजी में लाया गया है और इसके पीछे राजनीतिक रणनीति है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि इस मुद्दे पर लंबी चर्चा की जरूरत है, जबकि आप सांसद संजय सिंह ने सवाल उठाया कि 543 सीटों के आधार पर ही आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। डीएमके सांसदों ने भी इसे दक्षिण भारत के खिलाफ बताया और आरोप लगाया कि इससे उनकी राजनीतिक ताकत प्रभावित हो सकती है। महिला आरक्षण विधेयक पर बहस तेज सरकार का कहना है कि महिला आरक्षण ऐतिहासिक कदम है और इससे संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। वहीं विपक्ष का आरोप है कि परिसीमन और जनगणना को जोड़कर इसके असली उद्देश्य से ध्यान भटकाया जा रहा है।
सदन में 15 घंटे चर्चा, कल वोटिंग
जानकारी के अनुसार विधेयक पर 16 और 17 अप्रैल को लगभग 15 घंटे की चर्चा तय की गई है और कल शाम मतदान प्रस्तावित है।

## सोलर कैमरों से जासूसी का बड़ा नेटवर्क बेनकाबः राजस्थान की छावनियों पर नजर, ISI तक जा रहा था लाइव फुटेज



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। देश की सुरक्षा से जुड़ा एक चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है, जहां राजस्थान के सैन्य इलाकों की जासूसी के लिए हाईटेक सोलर कैमरों का इस्तेमाल किया जा रहा था। मामला तब उजागर हुआ जब दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने अलवर और बीकानेर में कार्रवाई करते हुए संदिग्ध गतिविधियों का पर्दाफाश किया। सूत्रों के अनुसार, सेना की छावनियों और संवेदनशील इलाकों के आसपास सोलर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिनके जरिए सेना की मूवमेंट पर नजर रखी जा रही थी। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन कैमरों को सीधे पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स ऑपरेट कर रहे थे और उनका लाइव फुटेज ISI तक भेजा जा रहा था।

### अलवर से संदिग्ध हिरासत में, बीकानेर में सर्च जारी

स्पेशल सेल की टीम चार दिन पहले राजस्थान पहुंची थी और लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। अलवर से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है, जबकि बीकानेर सहित अन्य क्षेत्रों में तलाश जारी है। एजेंसियां इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही हैं।

### आतंकी संगठन से जुड़ा कनेक्शन

जांच में सामने आया है कि यह पूरा नेटवर्क Babbar Khalsa International (बीकेआई) और आईएसआई से जुड़ा हुआ है। जासूसों को सेना और अर्धसैनिक बलों के ठिकानों की जानकारी जुटाने, फोटो-वीडियो बनाने और इन इलाकों में सोलर कैमरे लगाने का काम सौंपा गया था।


### देशभर में फैला नेटवर्क, 11 जासूस पहले ही गिरफ्तार

इससे पहले दिल्ली और पंजाब में भी इसी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है, जहां कुल 11 जासूसों और आतंकियों को गिरफ्तार किया गया था। उनकी निशानदेही पर देश के विभिन्न हिस्सों से 9 सोलर सीसीटीवी कैमरे बरामद किए गए हैं। ये कैमरे कपूरथला, जालंधर, पठानकोट, पटियाला, मोगा, अंबाला, कठुआ के अलावा राजस्थान के बीकानेर और अलवर में सैन्य ठिकानों के पास लगाए गए थे, जिससे देश के संवेदनशील सुरक्षा ढांचे पर नजर रखी जा रही थी।

### डिजिटल डिवाइस से मिला बड़ा डेटा

जांच एजेंसियों को आरोपियों के मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल डिवाइस से भारी मात्रा में संवेदनशील डेटा, फोटो, वीडियो और लोकेशन से जुड़ी जानकारी मिली है। शुरुआती जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि इस नेटवर्क के जरिए आतंकी हमलों की साजिश रची जा रही थी।

## दिल्ली में ड्यूटी के दौरान चित्तौड़गढ़ के सेना के जवान को आया अटैक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर/चित्तौड़गढ़। देश की सेवा में तैनात एक और जवान असमय काल के गाल में समा गया। मात्र 29 साल के जवान पहलवान गुर्जर का दिल्ली स्थित सेना अस्पताल में हार्ट अटैक से निधन हो गया। एक दिन पहले ही ड्यूटी के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी थी और उन्हें घबराहट की शिकायत के बाद सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मूल रूप से चित्तौड़गढ़ जिले के भदेसर उपखंड के धीरजी का खेड़ा गांव निवासी पहलवान गुर्जर, पिता रामलाल गुर्जर, भारतीय सेना में कार्यरत थे। वे नई दिल्ली में राजपूत रेजिमेंट की 24वीं बटालियन में तैनात थे। गुरुवार सुबह करीब 6 बजकर 50 मिनट पर RR अस्पताल में उनका निधन हो गया। इस दुखद घटना की सूचना सेना द्वारा परिजनों को दी गई।

### ड्यूटी के दौरान बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में आया अटैक

परिजनों के अनुसार, बुधवार शाम ड्यूटी के दौरान पहलवान गुर्जर की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। उन्होंने घबराहट की शिकायत अपने साथियों को बताई, जिसके बाद साथी जवान उन्हें तुरंत सेना के अस्पताल ले गए और भर्ती कराया गया। लेकिन गुरुवार सुबह अस्पताल में ही उन्हें हार्ट अटैक आ गया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। पहलवान गुर्जर 20 मार्च 2017 को भारतीय सेना में भर्ती हुए थे और पहली पोस्टिंग भी राजपूत रेजिमेंट की 24वीं बटालियन में ही हुई थी। वे अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे।
आज गांव में अंतिम संस्कार, पूरे गांव में शोक की लहर
जवान की पार्थिव देह शुक्रवार 17 अप्रैल को उनके पैतृक गांव धीरजी का खेड़ा लाई जाएगी, जहां सुबह 8 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। सेना की ओर से उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी। पहलवान गुर्जर अपने पीछे 3 साल की एक मासूम बच्ची छोड़ गए हैं। उनके बड़े भाई रमेश गुर्जर धीरजी का खेड़ा पंचायत में कांग्रेस अध्यक्ष हैं, जबकि माता-पिता किसान हैं।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट और अकासा के विमान टकराएःपार्किंग एरिया में हादसा




24 न्यूज अपडेट

दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट और अकासा एयर के विमान आपस में टकरा गए। घटना गुरुवार दोपहर 2 बजे हुई।
जानकारी के मुताबिक अकासा का विमान हैदराबाद जाने के लिए तैयार खड़ा था। उसी समय लेह से आया स्पाइसजेट का विमान उससे टकरा गया।
हादसे में स्पाइसजेट के दाहिने पंख का हिस्सा अकासा के बाएं तरफ के पिछले पंख में जा घुसा। घटना के बाद एयरपोर्ट स्टाफ ने दोनों प्लेन में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतार लिया। हादसे में किसी यात्री को चोट नहीं लगी।
घटना के बाद स्पाइसजेट और अकासा के प्लेन दिल्ली में ही खड़े कर दिए गए हैं, यानी इन्हें अगली उड़ान के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। घटना की जांच की जा रही है।

### अकासा एयरलाइंस बोली- हमारा विमान पार्किंग एरिया में खड़ा था

अकासा एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया कि अकासा एयर की दिल्ली से हैदराबाद जा रही फ्लाइट पार्किंग एरिया में खड़ी थी, तभी दूसरे विमान ने उसे टक्कर मार दी। हमारी टीम यात्रियों को जल्द से जल्द हैदराबाद भेजने के लिए दूसरा इंतजाम कर रही है।

## सेंट एंथनीज़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शानदार परीक्षा परिणाम, अन्वी मेहता ने 97.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, कई छात्रों ने 90% से अधिक अंक किए प्राप्त



24 न्यूज अपडेट

सेंट एंथनीज़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल का इस वर्ष कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा अन्वी मेहता ने 97.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं संस्कृति भनावत (95.8%) और यौगिक भटनागर (95.2%) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा गौरांग शाह और प्रांशु पालीवाल ने भी 95% अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सेंट एंथनीज़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल विलियम डीसूज़ा ने बताया कि इस शानदार परिणाम के पीछे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का सहयोग महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थीः

अन्वी मेहता, संस्कृति भनावत, यौगिक भटनागर, गौरांग शाह, प्रांशु पालीवाल, भाविनी भावसार, नव्या जैन, नयोमी मेनारिया, रुद्र प्रिया पालीवाल, माही जैन, प्रभलीन कौर कालरा, योगराज सिंह शाक्तावत, श्रेष्ठ सुमन, रुपीन जैन, वांशी बडाला, अक्षांश जोशी, गगन शर्मा, काव्या टाक, अंजलि असवानी, यथार्थ मीणा, गर्व पगारिया, लोहिताक्ष पनेरी, प्रवर गुप्ता, प्रनीत सिंह सोलंकी, अनुष्का झा, सुभी मिश्रा, तन्वी जैन, ध्रुवी गोकलानी, सृष्टि माहेश्वरी, श्रद्धा शर्मा, अनिकेत माथुर, यशिका जैन, जैनम जैन, अविशा अधोलिया, हर्षिल सुखवाल, दिव्या पालीवाल, इशानी लोहार, अगस्त्य भट्ट, आराध्या चौधरी, जयवर्धन सिंह राणावत, शुभम स्वर्णकार, तनमय जरौली, ध्रुव चौधरी, ध्यान भट्ट, चिदानंद डोरा, लक्ष्य छाजेड़, पलाश शर्मा। विद्यालय परिवार इस उपलब्धि से गौरवान्वित है और आने वाले वर्षों में भी इसी तरह उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## चांदी आज 2 हजार बढ़कर 2.51 लाख पर पहुंचीःइस साल कीमत 21 हजार बढ़ी, सोना 241 महंगा होकर 1.53 लाख/10GM हुआ



24 न्यूज अपडेट

सोना-चांदी के दाम में आज यानी 16 अप्रैल को लगातार दूसरे दिन तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, एक किलो चांदी 2,273 रुपए बढ़कर 2.51 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले बुधवार को इसकी कीमत 2.49 लाख रुपए प्रति किलो थी।
वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 241 रुपए बढ़कर 153,106 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 15 अप्रैल को इसकी कीमत 1,52,865 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। बीते दो दिन में सोना 3,095 और चांदी 14,311 रुपए महंगी हुई है।
सोना-चांदी में ये तेजी अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता फिर शुरू होने की उम्मीद बढ़ने से आई है। इससे कच्चे तेल की कीमतें गिरी हैं, महंगाई का डर कम हुआ और डॉलर कमजोर पड़ा, जिससे निवेशक सोने-चांदी की तरफ लौटे हैं।

## सेंसेक्स 123 अंक गिरकर 77,989 पर बंदःनिफ्टी भी 35 अंक गिरकर 24,197 पर आया; ऑटो के शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली




24 न्यूज अपडेट

आज यानी गुरुवार, 16 अप्रैल को सेंसेक्स 123 अंक (0.16%) की गिरावट के साथ 77,989 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 35 अंकों (0.14%) की गिरावट रही, ये 24,197 के स्तर पर आ गया। आज के कारोबार में मेटल और आईटी शेयरों में खरीदारी रही, जबकि ऑटो और प्राइवेट बैंक में सबसे ज्यादा बिकवाली रही।

## यूट्यूब एप से पूरी तरह हटा सकेंगे 'शॉर्ट्स':टाइम मैनेजमेंट में नया 0 मिनट का ऑप्शन मिला; रील की लत छुड़ाने में मदद मिलेगी




24 न्यूज अपडेट

यूट्यूब ने 'टाइम मैनेजमेंट' का नया फीचर जारी किया है। इसके जरिए अब आप एप पर शॉर्ट्स देखने की समय सीमा को 'जीरो' पर सेट कर सकते हैं। इससे शॉर्ट्स फीड पूरी तरह से हट जाएगी। इसका मकसद स्क्रीन टाइम को बेहतर तरीके से मैनेज करने में मदद करना है।
यूट्यूब ने पिछले साल अक्टूबर में शॉर्ट्स के लिए टाइमर फीचर पेश किया था, जिसमें न्यूनतम समय सीमा 15 मिनट थी। जनवरी में इस फीचर का विस्तार करते हुए माता-पिता को बच्चों के स्क्रीन टाइम पर कंट्रोल देने के लिए 'जीरो मिनट' का विकल्प लाने की घोषणा की गई थी।
सभी अकाउंट के लिए फीचर रोलआउट
यूट्यूब की प्रवक्ता मैकेंजी स्पिलर के मुताबिक, अब यह विकल्प सभी पैरेंट्स के लिए लाइव हो चुका है और धीरे-धीरे सामान्य एडल्ट अकाउंट्स के लिए भी रोल आउट किया जा रहा है।


## संपादकीय : संघर्ष से संकट

पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट का अगर जल्द समाधान नहीं तलाश गया, तो इसके व्यापक एवं दूरगामी परिणाम सामने आ सकते हैं। इससे न केवल ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना बेहद मुश्किल हो जाएग, बल्कि खाद्य सुरक्षा का संकट गहराने की संभावना भी कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे सीधे तौर पर आम आदमी का जीवन स्तर प्रभावित होगा । इसका सबसे ज्यादा असर भारत समेत उन देशों पर पड़ेगा, जो अपनी जरूरतों के लिए आयात पर अधिक निर्भर हैं। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की ओर से जारी एक रपट में कहा गया है कि अमेरिका - इजराइल और ईरान के बीच टकराव से उत्पन्न हालात के कारण भारत में पच्चीस लाख लोगों के गरीबी की जद में आने का खतरा है। इस आकलन का आधार वह है कि होज जलमार्ग के बाधित होने से जहां ईंधन, मालभाड़ा और कच्चे माल की लागत बढ़ रही है, वहीं लोगों की आजीविका कमजोर हो रही है, घरेलू क्रय शक्ति घट रही है और खाद्य असुरक्षा बढ़ रही है। गौरतलब है कि अमेरिका - इजराइल और ईरान के बीच टकराव के मोर्चे स्थायी तौर पर बंद होने की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है। दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के बीच हाल ही में पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच हुई शांति वार्ता बेनतीजा रहने से जहां अमेरिका का रुख फिर से आक्रामक हो गया है, वहीं ईरान भी जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार दिख रहा है। ऐसे में अगर होर्मुज जलमार्ग लंबे समय तक बंद रहा, तो इसका असर दुनिया भर में ऊर्जा के गंभीर संकट के रूप में सामने आएगा। भारत की बात की जाए, तो वह अपनी नब्बे फीसद से अधिक तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है और कच्चे तेल का चालीस फीसद से अधिक तथा एलपीजी का नब्बे फीसद आयात पश्चिम एशिया से किया जाता है। इसके अलावा, उर्वरक आयात का पैंतालीस फीसद से अधिक हिस्सा भी इसी क्षेत्र से आता है। इस बात पर गौर करना भी जरूरी है कि भारत के कुल निर्यात का चौदह फीसद और आयात का करीब इक्कीस फीसद व्यापार पश्चिम एशिया से जुड़ा है। ऐसे में यह समझना मुश्किल नहीं होगा कि आने वाले दिनों में देश में किस तरह की स्थिति पैदा हो सकती है। अमेरिका और ईरान के अड़ियल रवैये से पश्चिम एशिया में युद्ध के मोर्चे दोबारा खुलने की आशंकाओं के बीच संयुक्त राष्ट्र की रपट में कहा गया है कि भारत में गरीबी दर 23.9 फीसद से बढ़कर 24.2 फीसद हो सकती है जबकि वैश्विक स्तर पर 88 लाख लोग गरीबी के जोखिम में आ सकते हैं, जिनमें भारत समेत दक्षिण एशिया के लोग सबसे अधिक होंगे। इस संकट के बाद देश में गरीबी में रहने वालों की संख्या 35.40 करोड़ तक पहुंच सकती है, जो पहले 35.15 करोड़ थी। जाहिर है कि देश की आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए जीवन यापन से संबंधित नई मुसीबतें खड़ी हो जाएंगी। इसमें दोराय नहीं कि देश में मौजूदा परिस्थितियों से निपटने के लिए सरकार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इससे निश्चित तौर पर सरकारी बजट पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है और ऐसे में ज्यादा दिन तक स्थिति को संभालना आसान नहीं होगा। ऐसे में जरूरी है कि सरकार ऊर्जा के नए स्रोत तलाशने के साथ-साथ आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक उपायों पर गंभीरता से काम करे, ताकि संभावित संकट के असर को कम किया जा सके।

## नशे का जाल

देश में महानगरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक में नशीले पदार्थों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। इसका सबसे ज्यादा और गहरा प्रभाव युवा वर्ग पर पड़ रहा है, जो उनके भविष्य और जान दोनों को खतरे में डाल रहा है। यह केवल व्यक्तिगत ही नहीं, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी बड़ी चुनौती बन गया है। युवाओं के सामूहिक रूप से नशीले पदार्थों का इस्तेमाल करने के लिए विशेष आयोजन की खबरें भी अक्सर आती रहती हैं । मगर, अब इस तरह के आयोजनों का स्वरूप भी बदल रहा है। ऐसी ही एक घटना हाल ही में मुंबई के गोरेगांव में सामने आई, जहां नशीले पदार्थों के अत्यधिक सेवन से प्रबंधन संस्थान में पढ़ाई करने वाले दो विद्यार्थियों की मौत हो गई। ये दोनों अपने दोस्तों के साथ एक संगीत कार्यक्रम में आए थे। सवाल है कि जब नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री और खरीद के खिलाफ कानून में सख्त प्रावधान है, तो फिर युवाओं की इन तक आसानी से पहुंच कैसे संभव हो पा रही है? यह बात छिपी नहीं है कि नशीले पदार्थों की बिक्री और इनके सेवन के लिए नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। 'रेव पार्टी' की बजाय अब संगीत कार्यक्रमों की आड़ में इस तरह के आयोजन किए जाते हैं। पुलिस के मुताबिक, गोरेगांव में संगीत कार्यक्रम में भाग लेने आए जिन दो छात्र - छात्रा की मौत हुई, वे पहले से नशा करके आए थे और उन्होंने कार्यक्रम के दौरान फिर से नशीले पदार्थ का सेवन किया । यह बेहद चिंताजनक है कि पिछले कुछ वर्षों में मनोरंजन की आड़ में युवाओं में नशाखोरी की प्रवृत्ति बढ़ी है, लेकिन इस पर अंकुश लगाने के लिए सरकार और प्रशासन के स्तर पर गंभीरता से प्रयास करने की इच्छाशक्ति कहीं नजर नहीं आती है। जबकि युवाओं में नशाखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति से आपराधिक घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं। हैरानी की बात है कि मुंबई जैसे महानगर में संगीत कार्यक्रमों की अनुमति देने से पहले प्रशासन की ओर से जांच और निगरानी की जरूरत महसूस नहीं की जाती है जब तक सख्त कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर सतर्कता नहीं बरती जाएगी, तब तक यह समस्या हल नहीं हो पाएगी।

# इश्क, दबाव और मौत!!! कानोड़ CHC क्वार्टर में ANM ने क्यों लगाया फंदा!!! डॉक्टर हिरासत में!!



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के कानोड़ से एक दर्दनाक और चौंकाने वाली घटना सामने आई जहां एक ANM ने डॉक्टर के सरकारी क्वार्टर में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। मृतका की पहचान अनिता के रूप में हुई है, जो पास के राजपुरा सीएचसी में कार्यरत थी। बताया जा रहा है कि अनीता और कानोड़ सीएचसी के डॉक्टर सुरेन्द्र बिजारणिया के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। लेकिन रिश्ते में तब दरार आ गई, जब दिसंबर में डॉक्टर सुरेन्द्र ने किसी और से शादी कर ली। इसके बाद से अनीता मानसिक तनाव में आ गई और लगातार डॉक्टर पर शादी का दबाव बना रही थी। घटना से पहले अनीता पिछले चार दिनों से डॉक्टर के सरकारी क्वार्टर में ही रह रही थी। बीती रात उसने वहीं पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। चौंकाने वाली बात ये है कि सुसाइड के बाद खुद डॉक्टर सुरेन्द्र ने शव को नीचे उतारा क्वार्टर की सीढ़ियों पर रखा और फिर परिजनों को सूचना देकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन डॉक्टर गायब मिला जबकि उसी रात उसकी हॉस्पिटल में नाइट ड्यूटी भी थी। पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी कराई और देर रात चित्तौड़गढ़ के मंगलवाड़ थाना क्षेत्र से आरोपी डॉक्टर को हिरासत में ले लिया गया। फिलहाल पुलिस डॉक्टर से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की गहराई से जांच जारी है। वहीं परिजनों की मांग पर शव को उदयपुर के एमबी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। दोनों एक ही इलाके में तैनात थे और मीटिंग व अन्य कारणों से अक्सर मिलते रहते थे।

# POCSO केस में फंसा सरकारी शिक्षक सस्पेंड, 42 दिन जेल में रहने के बाद स्कूल पहुंचा, तब खुली विभागीय लापरवाही

24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। जिले में एक सरकारी शिक्षक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में दर्ज गंभीर मामले के बाद शिक्षा विभाग ने उसे निलंबित कर दिया है। चौंकाने वाली बात यह रही कि आरोपी शिक्षक 42 दिन तक जेल में रहने के बाद सीधे स्कूल ड्यूटी जॉइन करने पहुंच गया और तब जाकर विभाग को पूरे मामले की जानकारी मिली। जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार, आरोपी शिक्षक मूल रूप से टोंक जिले का निवासी है। वह अक्टूबर 2025 में 4-5 दिन की छुट्टी लेकर गया था, लेकिन इसके बाद बिना सूचना के स्कूल से अनुपस्थित रहा। इस दौरान वह पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए फरार चल रहा था। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार आरोपी 20 फरवरी से 10 अप्रैल 2026 तक टोंक जेल में बंद रहा। जेल से रिहा होने के बाद 13 अप्रैल को वह पुनः स्कूल पहुंचकर ड्यूटी जॉइन करने का प्रयास करने लगा। इस पर स्कूल प्राचार्य ने मामले की सूचना ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को दी, जिसके बाद विभाग हरकत में आया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी शिक्षक को कार्यालय बुलाकर उसके खिलाफ निलंबन की अनुशंसा की गई, जिस पर 15 अप्रैल को कार्रवाई करते हुए उसे निलंबित कर दिया गया। साथ ही विभागीय जांच भी प्रारंभ कर दी गई है। मामले में सामने आया है कि आरोपी शिक्षक के खिलाफ 8 अगस्त 2025 को टोंक में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि उसने एक निजी हॉस्टल में रहने वाले नाबालिग छात्र के साथ करीब 5 वर्षों तक दुष्कर्म किया। पीड़ित के पिता की रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर बच्चे का शोषण करता था और अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर उसे डराता-धमकाता था। बताया गया है कि यह घटनाक्रम तब शुरू हुआ जब पीड़ित महज 7 वर्ष का था और 2018 से लगातार शोषण का शिकार होता रहा। डर और दबाव के कारण वह लंबे समय तक चुप रहा। वर्ष 2025 में उसने अपने एक मित्र को पूरी घटना बताई, जिसके बाद परिजनों को इसकी जानकारी मिली और मामला पुलिस तक पहुंचा।

# स्कूल की बालिका बनी हाथीपोल थानाधिकारी!!


## परिवादी बन थानाधिकारी ने दर्ज करवाई एफआईआर!!!



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के रेजिडेंसी स्कूल की 51 बालिकाओं को गुरूवार को राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर हाथीपोल थाने में पुलिस की कार्यप्रणाली देखने का अवसर मिला। बालिकाओं ने थानाधिकारी श्रीमती राजु राज देवी सहित अन्य स्टाफ से थाने की कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा। बालिकाओं ने थाने में रिपोर्ट लिखवाने से लेकर मुकदमा दर्ज होने तक की कार्रवाई, मालखाना, अपराधियों को रखने की जगह और मैस सहित अन्य कक्षों व प्रशासनिक कार्यों का भी अवलोकन किया। इस दौरान थानाधिकारी श्रीमती राजु राज देवी ने एक बच्ची को अपनी सीट पर बिठाकर थानाधिकारी बनाया और परिवादी की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराने की प्रक्रिया को सिलसिलेवार समझाया। थाने को विजिट करके बालिकाएं फूले नहीं समाई और बहुत ही उत्सुकता व कौतूहल के साथ हर कार्यप्रणाली को समझा। बालिकाओं को पोक्सो एक्ट, सिटिजन कॉप एप आदि के बारे में भी बताया गया। बालिकाओं ने कहा कि थाने के विजिट से उनके मन में आत्मविश्वास का संचार हुआ। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली को भी सराहा। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापकों की भी मौजूदगी रही।

# कानोड़ CHC क्वार्टर में ANM का सुसाइड, डॉक्टर हिरासत में, अफेयर और शादी के दबाव की एंगल पर जांच



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर जिले के कानोड़ थाना क्षेत्र में एक ANM द्वारा सुसाइड करने का मामला सामने आया है। घटना कानोड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) के डॉक्टर के सरकारी क्वार्टर की है, जहां बीती देर रात ANM ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी हुकम सिंह के अनुसार, मृतका अनीता और CHC में पदस्थ डॉक्टर सुरेन्द्र बिजारणिया के बीच प्रेम संबंध थे। बताया जा रहा है कि अनीता डॉक्टर पर शादी करने का दबाव बना रही थी, लेकिन दिसंबर में डॉक्टर की शादी किसी अन्य महिला से हो गई। इसके बाद से अनीता नाराज और मानसिक तनाव में थी। पुलिस के अनुसार, घटना से पहले अनीता पिछले चार दिनों से डॉक्टर के सरकारी क्वार्टर में ही रह रही थी। सुसाइड के बाद डॉक्टर सुरेन्द्र बिजारणिया ने ही शव को पंखे से नीचे उतारकर क्वार्टर की सीढ़ियों पर रख दिया और परिजनों को सूचना देकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन डॉक्टर वहां नहीं मिला। जबकि उसी रात उसकी हॉस्पिटल में नाइट ड्यूटी भी थी। पुलिस ने तत्काल नाकाबंदी करवाई और देर रात करीब 1 बजे चित्तौड़गढ़ जिले के मंगलवाड़ थाना क्षेत्र से डॉक्टर को हिरासत में लेकर कानोड़ पुलिस को सौंपा गया। फिलहाल पुलिस आरोपी डॉक्टर से पूछताछ कर रही है और मामले की विभिन्न एंगल से जांच जारी है। परिजनों की मांग पर शव को महाराणा भूपाल अस्पताल (एमबी हॉस्पिटल) की मोर्चरी में रखवाया गया है, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, डॉक्टर सुरेन्द्र बिजारणिया कानोड़ CHC में कार्यरत हैं, जबकि मृतका अनीता राजपुरा CHC में नियुक्त थी, जो कानोड़ से करीब 4 किलोमीटर दूर है। मीटिंग और अन्य कार्यों के दौरान दोनों का संपर्क हुआ, जो बाद में व्यक्तिगत संबंधों में बदल गया।

# मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सुखाड़िया विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन 16 एवं 17 अप्रैल को किया जा रहा है। सेमिनार का शुभारंभ 16 अप्रैल को प्रातः 10 बजे बप्पा रावल गोल्डन जुबली गेस्ट हाउस में हुआ। उद्घाटन सत्र में कुलगुरु प्रो. बी.पी. शर्मा सहित कई प्रतिष्ठित शिक्षाविद उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों में प्रो. गोपीनाथ शर्मा (जैन विश्व भारती इंस्टीट्यूट, लाडनूं), प्रो. एस.सी. चौहान (एनसीईआरटी), प्रो. मदन सिंह राठौड़ (अधिष्ठाता, सामाजिक एवं मानविकी महाविद्यालय), प्रो. मीरा माथुर (निदेशक एवं अधिष्ठाता, एफएमएस), प्रो. प्रतिभा पांडे (अध्यक्ष, शिक्षा संकाय) एवं डॉ. अल्पना सिंह (विभागाध्यक्ष) शामिल रहे। सेमिनार का आयोजन संवादात्मक स्वरूप में किया गया है, जिसमें देश-विदेश के शिक्षाविद भाग ले रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हंगरी और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित विभिन्न देशों के विशेषज्ञ ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। इसके अतिरिक्त देश के विभिन्न संस्थानों जैसे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, अयोध्या, हैदराबाद, चेन्नई, केरल और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के विशेषज्ञों की सहभागिता रही। सेमिनार में भारतीय ज्ञान परंपरा, वेदों एवं उपनिषदों के मूल्यों को नई शिक्षा नीति के साथ समन्वित करने पर विशेष जोर दिया गया। महात्मा गांधी द्वारा बताए गए 'हेड, हार्ट और हैंड' के सिद्धांत को भी शिक्षा में समाहित करने की बात कही गई। दो दिवसीय इस संगोष्ठी में विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देशभर के प्राध्यापक, शोधार्थी और विद्यार्थी भाग लेंगे। सेमिनार से प्राप्त निष्कर्षों को एनसीईआरटी को सौंपा जाएगा, जिससे नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम और हैंडबुक निर्माण में सहयोग मिल सके।

# हम हिंदू नहींउदयपुर में गरजा आदिवासी समाज, जनगणना में अलग धर्म कोड की मांग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर में गुरुवार को आदिवासी अस्मिता और पहचान की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला। संभागीय आयुक्त कार्यालय के बाहर सैकड़ों आदिवासी समाज के लोग सड़क पर उतर आए और आगामी जनगणना 2026 में अलग आदिवासी धर्म कोड की मांग को लेकर नारेबाजी की। आंदोलन की अगुवाई डूंगरपुर से कांग्रेस विधायक गणेश गोगरा ने की। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि आदिवासी समाज न तो हिंदू है, न मुस्लिम और न ही ईसाई हमारी अपनी अलग पहचान है। विधायक ने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति का पूजक है और उसकी जड़ें जल, जंगल और जमीन से जुड़ी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को नजरअंदाज किया तो आने वाले समय में उनकी संस्कृति और अधिकारों पर असर पड़ेगा। जनगणना में जब जैन को अलग कोड मिल सकता है तो आदिवासी को क्यों नहीं। हम किसी धर्म से संबंधित नहीं है व प्रकृति पूजक हैं। मगर सब धर्मों का सम्मान करते हैं। हमें अलग से कोर्ड 1951 की जन गणना तक दिया गया मगर अब बंद कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनकी परंपराएं, रीति-रिवाज और जीवनशैली अन्य धर्मों से अलग हैं, इसलिए जनगणना में उन्हें अलग धर्म कोड दिया जाना जरूरी है। युवाओं ने कहा कि यह लड़ाई आने वाली पीढ़ियों की पहचान और अस्तित्व से जुड़ी है।

# आरएनटी मेडिकल कॉलेज के नए प्राचार्य डॉ. राहुल जैन का खड़क जैन समाज ने किया सम्मान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के आरएनटी मेडिकल कॉलेज के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. राहुल जैन का खड़क जैन प्रवासी संघ प्रन्यास और खड़क जैन युवा मंच द्वारा अभिनंदन किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने माला, उपरणा एवं मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। शिष्टाचार भेंट के दौरान संघ के अध्यक्ष चंदन लाल छापिया, महामंत्री अमृतलाल बोहरा और कोषाध्यक्ष देवीलाल दोशी ने डॉ. जैन को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए चिकित्सा क्षेत्र में उनके अनुभव का लाभ क्षेत्र को मिलने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर आरएनटी मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेश जैन भी मौजूद रहे। खड़क जैन युवा मंच की ओर से अध्यक्ष चिराग जैन, महामंत्री संजय पंचोली, प्रफुल गांधी, प्रीतेश जैन, चिन्मय जैन एवं आदर्श शाह ने भी प्राचार्य का स्वागत किया। भेंट के दौरान चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर सकारात्मक चर्चा की गई।

# उदयपुर में धूमधाम से मनाया पुलिस स्थापना दिवस, 140 पुलिसकर्मी व नागरिक सम्मानित, 63 यूनिट रक्तदान







24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। राजस्थान पुलिस मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार गुरुवार को पुलिस लाइन उदयपुर के परेड ग्राउंड में रेंज स्तरीय "पुलिस दिवस समारोह 2026" का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम के तहत आयोजित सेरेमोनियल परेड में पुलिस बल ने अनुशासन और समर्पण का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

समारोह में गौरव श्रीवास्तव, महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज ने परेड की सलामी ली। परेड का नेतृत्व रिजर्व पुलिस लाइन उदयपुर के पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने परेड कमांडर के रूप में किया। परेड के पश्चात उत्कृष्ट सेवाओं एवं सराहनीय कार्यों के लिए पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आईजी गौरव श्रीवास्तव एवं डॉ. अमृता दुहन, जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर द्वारा कुल 140 पुलिस अधिकारीगण एवं कार्मिकों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया।


इनमें—

03 पुलिसकर्मियों को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह
48 को अति उत्तम सेवा चिन्ह
62 को उत्तम सेवा चिन्ह मय प्रशस्ति पत्र
07 पुलिसकर्मियों को पुलिस सेवा पदक
20 अधिकारी/कर्मचारियों को उनके

### साहसिक कार्यों के लिए सम्मान

इसके अतिरिक्त 07 आम नागरिकों एवं 04 सुरक्षा सखी, ग्राम रक्षक, सीएलजी व यूथ सीएलजी सदस्यों को भी उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में उमेश ओझा (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर), गोपाल स्वरूप मेवाड़ा (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय) एवं लखमन राय (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर) सहित जिले के वृताधिकारी, थानाधिकारी, अन्य पुलिस अधिकारीगण, कार्मिकगण एवं सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आईजी गौरव श्रीवास्तव एवं एसपी डॉ. अमृता दुहन ने पुलिस बल के कार्यों की सराहना करते हुए सभी कार्मिकों का उत्साहवर्धन किया और भविष्य में आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना करने का आह्वान किया। समारोह के उपरांत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. अमृता दुहन सहित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 63 यूनिट रक्तदान किया।

## रेलवे पार्सल घर के बाहर से चोरी बाइक बरामद, ओडिशा निवासी आरोपी गुजरात से गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई बाइक बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार 14 अप्रैल 2026 को परिवादी ललित सोनी पुत्र गोपाल सोनी, निवासी घाणेराव की घाटी, थाना घंटाघर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 6 बजे उसने अपनी मोटरसाइकिल नंबर RJ27BN1104 को रेलवे स्टेशन पार्सल घर के बाहर खड़ी की थी, जिसे अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। इस पर प्रकरण संख्या 134/26 धारा 303(2) बीएनएस में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश ओझा एवं वृताधिकारी नगर पूर्व सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी रतन सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने आसूचना और तकनीकी सहयोग के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी बिनित कुमार पुत्र बरेन्द्र कुमार, उम्र 28 वर्ष, निवासी नीलिका पोस्ट बगिंलो बबनपुर, तहसील छता, थाना देराबिस, जिला केंद्रापाड़ा (ओडिशा) को गुजरात के साबरकांठा से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया है। इस कार्रवाई में टीम प्रभारी थानाधिकारी रतन सिंह चौहान के साथ हैड कांस्टेबल नेपाल सिंह (बैज नं. 1887) एवं कांस्टेबल पवन (बैज नं. 742) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सार्वजनिक स्थान पर सट्टा चलाते आरोपी गिरफ्तार, नकदी व पर्चियां जब्त

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने सट्टा गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार प्रकरण संख्या 225/2026 में धारा 13 आरपीजीओ के तहत मामला दर्ज किया गया। दिनांक 15 अप्रैल 2026 को शाम करीब 5:25 बजे आपणी ढाणी रोड, प्रतापनगर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान आरोपी लक्ष्मण गुर्जर पुत्र भुराजी गुर्जर, उम्र 48 वर्ष, निवासी बडियार (थाना मावली), हाल कचन काटे के पीछे ठोकर चौराहा, प्रतापनगर को सार्वजनिक स्थान पर सट्टे की पर्चियां काटते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी द्वारा सट्टा गतिविधि से एक व्यक्ति को अनुचित लाभ और अन्य को अनुचित हानि पहुंचाई जा रही थी। मौके से कुल 250 रुपये नकद और सट्टा पर्चियां जब्त की गईं। कार्रवाई सहायक उपनिरीक्षक अमर सिंह द्वारा की गई, जबकि मामले की जांच नरपत सिंह को सौंपी गई है।

## फर्जी रजिस्ट्री गिरोह पर कार्रवाई, फरार आरोपी गिरफ्तार-पुश्तैनी जमीन हड़पने की साजिश का खुलासा

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले के कुराबड़ थाना पुलिस ने जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने पूर्व में ही गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस के अनुसार 12 मार्च 2025 को परिवादी रामसिंह पुत्र भुरसिंह, निवासी तलामंगरी, अंदलापा, साकरोदा (थाना प्रतापनगर) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 6 मार्च 2025 को उसे तहसील कुराबड़ से सूचना मिली कि उसकी पुश्तैनी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री करवाई जा रही है। इस पर वह अपने परिजनों के साथ तहसील पहुंचा, जहां पता चला कि उसके पिता के नाम से फर्जी फोटो लगाकर जमीन की रजिस्ट्री सत्यनारायण कुमावत निवासी रामखेड़ा, चित्तौड़गढ़ के नाम की जा रही है। रिपोर्ट में शंकरलाल निवासी आवरी माता, सेंट्रल एरिया, गिर्वा सहित अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आई। यह जमीन करीब ढाई बीघा पुश्तैनी भूमि है, जो कुराबड़-उदयपुर रोड पर तलामंगरी, साकरोदा क्षेत्र में स्थित है। इस पर पुलिस ने प्रकरण संख्या 43/2026 में धारा 318(4), 338, 336(4), 340(2) व 61(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) गोपाल स्वरूप मेवाड़ा एवं पुलिस उप अधीक्षक गिर्वा गोपाल चन्देल के सुपरविजन में थानाधिकारी तेजु सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने आसूचना और तकनीकी सहयोग के आधार पर कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी कैलाश पुत्र दलीचन्द्र, उम्र 38 वर्ष, निवासी मावली (हाल निवासी ईसवाल, थाना गोगुन्दा) को गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन की रजिस्ट्री कराने की साजिश रची थी। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कार्रवाई में थानाधिकारी तेजु सिंह के साथ उपनिरीक्षक गोवर्धन लाल, कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार (बैज नंबर 2997) एवं लाल सिंह (बैज नंबर 2457) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## चलती बस में 4 मिनट का 'मौत से मुकाबला'-ड्राइवर गिरा, कॉन्स्टेबल ने संभाली स्टेयरिंग, पेड़ से टकराकर रुकी बस

24 न्यूज अपडेट



बाड़मेर। जिले में गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब बेकाबू हुई रोडवेज बस को एक पुलिस कॉन्स्टेबल की सूझबूझ ने खाई में गिरने से बचा लिया। महज चार मिनट के घटनाक्रम में बस में सवार 35 से 40 यात्रियों की सांसें अटक गईं, लेकिन अंततः सभी सुरक्षित बच गए।

घटना सदर थाना क्षेत्र के बलाऊ फांटे के पास सुबह करीब 8 बजे की है। जानकारी के अनुसार बाड़मेर से चौहटन जा रही रोडवेज बस के आगे चल रही एक पिकअप ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे बस चालक नियंत्रण खो बैठा और ब्रेक लगाने के दौरान सीट से नीचे गिर गया। इसी दौरान बस बेकाबू हो गई।

बस के केबिन में बैठे धनाऊ थाने में तैनात कॉन्स्टेबल जेठाराम ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत स्टेयरिंग संभाल लिया। उन्होंने ड्राइवर सीट पर बैठकर बस को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन ब्रेक काम नहीं कर रहे थे। स्थिति को भांपते हुए कॉन्स्टेबल ने बड़ा निर्णय लेते हुए बस को सड़क से नीचे उतार दिया, ताकि किसी बड़े टकराव या पलटने से बचा जा सके।

बेकाबू बस सड़क से करीब 150 मीटर नीचे झाड़ियों और पेड़ों को रौंदते हुए आगे बढ़ती रही और खाई से महज 7 फीट पहले एक पेड़ से टकराकर रुक गई। बताया जा रहा है कि पेड़ नहीं होता तो बस करीब 15 फीट गहरी खाई में गिर सकती थी।

हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। कॉन्स्टेबल जेठाराम ने ग्रामीणों की मदद से सभी यात्रियों को सुरक्षित बस से नीचे उतारा और बाद में दूसरी बस की व्यवस्था कर उन्हें रवाना किया गया।

बस में सवार यात्रियों में महिलाओं की संख्या अधिक थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब बस सड़क से नीचे उतरी तो अफरा-तफरी मच गई, लेकिन पेड़ दिखाई देने पर उम्मीद जगी कि बस रुक जाएगी—और ऐसा ही हुआ।

घटना की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई, जिसके बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इस हादसे में किसी भी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन यह घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा और वाहन रखरखाव पर सवाल खड़े करती है।

## सरकारी स्कूल के पास धूम्रपान सामग्री बेचते आरोपी पर कार्रवाई

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले के गोगुंदा थाना क्षेत्र में पुलिस ने सरकारी विद्यालय के पास अवैध रूप से धूम्रपान सामग्री बेचने के मामले में कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार प्रकरण संख्या 143/2026 में धारा 9/11 राजस्थान धूम्रपान प्रतिषेध अधिनियम व अधूम्रपायी व्यक्तियों के स्वास्थ्य संरक्षण अधिनियम 2000 के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना 15 अप्रैल को शाम करीब 4:35 बजे मोकेला गांव स्थित एक सरकारी विद्यालय के पास की है, जिसकी रिपोर्ट दर्ज की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी गोविंद सिंह पुत्र चतरसिंह, उम्र 30 वर्ष, निवासी मोकेला थाना गोगुंदा को बिना वैध लाइसेंस के स्कूल से 100 मीटर की परिधि में धूम्रपान सामग्री बेचते हुए पकड़ा गया। यह कार्रवाई सहायक उपनिरीक्षक नन्दलाल (चौकी जसवंतगढ़) द्वारा की गई, जबकि मामले की जांच गोविंद सिंह सउनि को सौंपी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है और सार्वजनिक स्थलों पर इस तरह की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने की बात कही है।




## बापू बाजार में स्कूटी सवार महिला से पर्स लूटने की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने स्कूटी सवार महिला से पर्स छीनने का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 15 अप्रैल 2026 को परिवादी मोहम्मद अनिस पुत्र नयाज मोहम्मद, निवासी विजय सिंह पथिक नगर, सविना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14-15 अप्रैल की दरमियानी रात करीब 12:30 बजे वह अपनी पत्नी के साथ स्कूटी से धोली बावड़ी से घर जा रहे थे। जब वे बापू बाजार पहुंचे, तभी एक युवक अपाची मोटरसाइकिल पर आया और उसकी पत्नी का पर्स छीनने का प्रयास किया। हालांकि आरोपी इस प्रयास में सफल नहीं हो सका और मौके से फरार हो गया। इस पर प्रकरण संख्या 135/2026 धारा 309(6) बीएनएस 2023 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश ओझा एवं वृताधिकारी नगर पूर्व सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी रतन सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मोतीलाल उर्फ सोनू पुत्र कालू, उम्र 28 वर्ष, निवासी आमेटो का वास, थाना केलवाड़ा, जिला राजसमंद (हाल निवासी नारायण फार्म हाउस के पास, बड़गांव, उदयपुर) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को बाद अनुसंधान न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। कार्रवाई में थानाधिकारी रतन सिंह चौहान के साथ उपनिरीक्षक राजेशपाल सिंह, कांस्टेबल पवन, करण सिंह एवं हितेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मकान बेचने के नाम पर 10 लाख की ठगी, आरोपी पर मामला दर्ज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले के फतहनगर क्षेत्र में मकान बेचने का झांसा देकर लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। इस संबंध में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रकरण संख्या 79/2026 में धारा 316(2) एवं 318(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। परिवादी लक्ष्मीनारायण नन्दवाना निवासी सनवाड़, तहसील मावली ने आरोप लगाया कि आरोपी शुभम अग्रवाल निवासी फतहनगर ने अगस्त 2025 में मकान बेचने का झांसा देकर उससे 10 लाख रुपये नकद ले लिए। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी द्वारा मकान की रजिस्ट्री करवाने के लिए लिखापढ़ी भी की गई, लेकिन बाद में न तो रजिस्ट्री करवाई और न ही रकम वापस की। आरोपी लगातार परिवादी को गुमराह करता रहा। मामला न्यायालय जेएम मावली से डाक के जरिए प्राप्त होने के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया। प्रकरण की जांच सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मणलाल द्वारा की जा रही है।

## नीमच माता स्कीम से मोटरसाइकिल चोरी

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रकरण संख्या 176/26 के तहत धारा 303(2) बीएनएस में रिपोर्ट दर्ज की गई है। परिवादी छगन सिंह (47) निवासी लपाला, हाल निवासी नीमच माता स्कीम, उदयपुर ने शिकायत दी कि 9 अप्रैल को शाम करीब 7 बजे अज्ञात व्यक्ति उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। घटना की रिपोर्ट 15 अप्रैल को दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच किशन सिंह द्वारा की जा रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

**समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें - desk24newsup-date@gmail.com**

# नीमच में शादी में बंजारा बनकर पहुंची उदयपुर पुलिस19 साल से फरार 10 हजार का इनामी NDPS आरोपी फिल्मी अंदाज में गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। करीब दो दशक तक कानून को चुनौती देता रहा एक शातिर आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ ही गया। प्रकरण संख्या 72/2008 NDPS केस उदयपुर में वांछित, 10 हजार रुपये का इनामी एवं उद्घोषित स्थायी वारंटी संतोष उर्फ इंदरसिंह उर्फ लक्ष्मण सिंह बंजारा पुत्र रोडूलाल उर्फ रोडूसिंह निवासी देपालपुरा, थाना जावद, जिला नीमच (मध्यप्रदेश) को थाना हाथीपोल पुलिस ने 19 साल बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी वर्ष 2008 से NDPS Act धारा 8/18 (तथा प्रकरण में 8/25 का भी उल्लेख) के तहत दर्ज मामले में फरार चल रहा था।

12 गांवों का मुखिया बन बैठा शातिर, पहचान बदल दी आरोपी की शातिरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने पुलिस से बचने के लिए अपनी पूरी पहचान ही बदल डाली। वोटर आईडी से लेकर अन्य दस्तावेजों में उसने अपना नाम इंदरसिंह से बदलकर लक्ष्मण सिंह करवा लिया। इतना ही नहीं, अपनी पत्नी सायबा देवी के निर्वाचन कार्ड में भी पति का नाम बदलकर लक्ष्मण सिंह दर्ज करवा दिया, ताकि किसी भी स्तर पर उसकी असली पहचान उजागर न हो सके। पहचान बदलने के बाद वह इलाके में प्रभावशाली व्यक्ति बनकर रह रहा था और करीब 12 गांवों का मुखिया तक बन बैठा था।

### गांव में पुलिस के लिए 'नो एंट्री', सामाजिक ढांचे ने भी दिया संरक्षण

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी जिस बंजारा समाज से जुड़ा है, वहां सामाजिक परंपराओं के चलते बाहरी लोगों—खासतौर पर पुलिस—को सही जानकारी देना आसान नहीं होता। किसी भी व्यक्ति द्वारा पुलिस को जानकारी देने पर सामाजिक दंड का डर रहता है। यही वजह रही कि पूर्व में कई बार पुलिस टीम गांव तक पहुंची, लेकिन स्थानीय सहयोग नहीं मिलने, आरोपी द्वारा पहचान बदल लेने और ग्रामीणों के संभावित विरोध/हमले के खतरे के कारण गिरफ्तारी संभव नहीं हो सकी।

### पांच दिन की रेकीबंजारा बनकर शादी में घुसी पुलिस, साथ बैठकर खाया खाना

इस बार हाथीपोल थाना पुलिस ने रणनीति बदली और बेहद गोपनीय तरीके से ऑपरेशन को अंजाम दिया। थानाधिकारी राजु राज देवी के निर्देशन में एएसआई शंभूसिंह, हेड कांस्टेबल हेमेंद्रसिंह (नं. 1979) और कांस्टेबल कैलाश रेबारी (नं. 1112) की विशेष टीम गठित की गई। टीम के पास शुरुआत में आरोपी का फोटो, मोबाइल नंबर या कोई स्पष्ट पहचान तक नहीं थी। इसके बावजूद टीम ने आरोपी के गांव से करीब 30 किलोमीटर दूर गोपनीय रूप से डेरा डालकर पांच दिनों तक लगातार रेकी की। पुलिसकर्मी कभी बंजारा तो कभी ठेकेदार बनकर इलाके में घूमते रहे। इसी दौरान सूचना मिली कि आरोपी गांव खेड़ी दायमा में आयोजित एक शादी समारोह में आने वाला है। इस पर टीम ने बंजारा वेशभूषा, हुलिया और भाषा शैली अपनाई और शादी में आम मेहमान बनकर शामिल हो गई। वहां लोगों को आरोपी को 'इंदरसिंह' कहकर बुलाते सुन पुलिस ने उसकी पहचान पुख्ता कर ली। टीम के जवानों ने शक से बचने के लिए शादी में साथ बैठकर खाना तक खाया और पूरी तरह माहौल में घुलमिल गए।

सीधे शादी से नहीं उठाया10 किलोमीटर दूर बिछाया जाल पहचान की पुष्टि के बाद भी पुलिस ने जल्दबाजी नहीं दिखाई। शादी समारोह से आरोपी को उठाना जोखिमभरा था। ऐसे में टीम ने धैर्य रखा और सही मौके का इंतजार किया। जैसे ही आरोपी शादी से लौटकर अपने गांव की ओर निकला और करीब 10 किलोमीटर दूर पहुंचा, पुलिस ने पहले से बनाई गई रणनीति के तहत घेराबंदी कर उसे दबोच लिया और सुरक्षित उदयपुर ले आई।

### एसपी के निर्देश में बड़ी सफलता

पूरी कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत अंजाम दी गई। आरोपी पर एसपी द्वारा 10,000 रुपये का इनाम घोषित था।

### अब पूछताछ में खुलेंगे राज

फिलहाल आरोपी को उदयपुर लाकर प्रकरण में गहन पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने स्वीकार किया है कि पुलिस से बचने के लिए उसने अपने नाम व पहचान से जुड़े दस्तावेज बदलवाए थे। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में और भी अहम खुलासे सामने आ सकते हैं। आरोपी को शीघ्र ही न्यायालय में पेश किया जाएगा। करीब 19 साल तक नाम, पहचान और सामाजिक ढांचे की आड़ में छिपा यह आरोपी आखिरकार कानून के शिकंजे में आ गया—एक बार फिर साबित हुआ कि फरारी कितनी भी लंबी क्यों न हो, कानून की पकड़ उससे भी लंबी होती है।

# राजस्थान भाजपा सोशल मीडिया में देशभर में नंबर-1, उदयपुर में हुई रणनीतिक बैठक




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। डिजिटल दौर में राजनीतिक संवाद की दिशा तय करने में जुटे भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान सोशल मीडिया विभाग ने देशभर में अव्वल स्थान हासिल कर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। संगठन की गतिविधियों, कार्ययोजनाओं और केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को सोशल मीडिया के जरिए प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुँचाने की इस उपलब्धि को लेकर उदयपुर में विशेष बैठक आयोजित की गई।

भाजपा शहर जिला उदयपुर की ओर से पार्टी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने टीम से भविष्य में भी इसी गति और प्रभाव के साथ काम जारी रखने का आह्वान किया।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर ने भी सोशल मीडिया टीम की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म आज संगठन की नीतियों और योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कंटेंट की गुणवत्ता, सटीकता और सकारात्मक संवाद पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

बैठक के दौरान संसद में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम सहित अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों की कार्यवाही को सामूहिक रूप से सुना गया और उनके सामाजिक-राजनीतिक महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।

अंत में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए आगामी समय में भी सक्रिय, जिम्मेदार और संगठित तरीके से कार्य करने का संकल्प लिया।

बैठक में सोशल मीडिया प्रदेश सह संयोजक मोहित सनाढय, जिला संयोजक अमित सोलंकी, सह संयोजक सुनीत दवे, जिला आईटी विभाग सह संयोजक जिज्ञासा भारद्वाज, दीपक कुमावत, मंडल संयोजक आदेश्वर जैन, विकास कोठारी, अनुज, अदिति रांकावत, नरेंद्र माली सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 18 अप्रैल को निकलेगी बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा, 621 से अधिक श्रद्धालुओं ने कराया पंजीकरण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर में 18 अप्रैल को आयोजित होने वाली खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा को लेकर श्याम भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। श्री राज राजेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन के लिए अब तक 621 से अधिक श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। मंदिर के संरक्षक धर्मेंद्र गुर्जर ने बताया कि सेवक मंडली पूरी निष्ठा के साथ तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। यात्रा 18 अप्रैल को दोपहर 3 बजे फतेह स्कूल स्थित हनुमान मंदिर से रवाना होगी। मंदिर से जुड़े राहुल निचलानी ने जानकारी दी कि यात्रा का स्वरूप बेहद आकर्षक रहेगा। सबसे आगे सजे-धजे घोड़े होंगे, उनके पीछे मधुर भजनों से सुसज्जित साउंड सिस्टम और उसके बाद बाबा श्याम की भव्य पालकी यात्रा का मुख्य आकर्षण होगी। निशान यात्रा में पंजीकृत 621 से अधिक श्रद्धालु हाथों में बाबा का पवित्र निशान (ध्वज) लेकर जयकारों के साथ पैदल यात्रा करेंगे। यात्रा के समापन पर टेकरी स्थित राजराजेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल चरम पर होगा। रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय और बाहरी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके पश्चात बाबा का विशाल भंडारा आयोजित होगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। आयोजकों के अनुसार श्रद्धालुओं के बढ़ते उत्साह को देखते हुए पंजीकरण का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। सभी सेवादार अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं, ताकि यात्रा और आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# खेरवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाईः अंग्रेजी शराब से भरी कार जब्त, 3 तस्कर गिरफ्तार, 9.50 लाख का माल बरामद

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले में अवैध शराब परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना खेरवाड़ा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंग्रेजी शराब से भरी एक कार जब्त कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई। पुलिस के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा श्रीमती अंजना सुखवाल एवं वृत्ताधिकारी ऋषभदेव राजीव राहर के सुपरविजन में थानाधिकारी करणाराम जाट के नेतृत्व में टीम ने 16 अप्रैल 2026 को पोगरा रोड पर नाकाबंदी के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध कार को रोका। तलाशी लेने पर हुंडई i10 कार (नंबर GJ 01 KS 8481) से राजस्थान निर्मित अंग्रेजी शराब के 10 कार्टून बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें शेख अब्दुल रहमान (26), निवासी जुहापुरा, वटवा/वेजलपुर, जिला अहमदाबाद (गुजरात), सतीश (19) और रोहित (20), दोनों निवासी बडला निचला फला, थाना खेरवाड़ा, जिला उदयपुर शामिल हैं। जब्त शराब की बाजार कीमत करीब 1.50 लाख रुपये आंकी गई है, जबकि वाहन की कीमत लगभग 8 लाख रुपये बताई गई है। इस तरह पुलिस ने कुल 9.50 लाख रुपये का माल जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

कार्रवाई में शामिल टीम

करणाराम जाट, थानाधिकारी, खेरवाड़ा किशोर कुमार, सहायक उप निरीक्षक नरेश कुमार, हेड कांस्टेबल मनिन्दर, कांस्टेबल दिलीप, कांस्टेबल अशुल, कांस्टेबल (चालक)।

# सनातन मंदिर में 'प्राणायाम थेरेपी शिविर' की शुरुआत, पहले दिन 42 मरीजों को मिला लाभ



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शक्तिनगर स्थित श्री सनातन धर्म सेवा समिति एवं श्री बिलोचिस्तान पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में सनातन धर्म मंदिर परिसर इन दिनों जनसेवा और स्वास्थ्य गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है। यहां आयोजित चार दिवसीय 'प्राणायाम थेरेपी शिविर' के पहले ही दिन 42 मरीजों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। पंचायत के महासचिव विजय आहुजा ने बताया कि शिविर में लोगों का उत्साह उल्लेखनीय रहा। प्रसिद्ध थेरेपिस्ट वैद्य श्याम कला के मार्गदर्शन में चल रहे इस शिविर की विशेषता यह है कि इसमें बिना दवा, बिना मालिश और बिना किसी विशेष आहार के उपचार किया जा रहा है। यह पद्धति 'गंगाराम वैद्य चिकित्सा प्रणाली' की गुरु परंपरा पर आधारित है, जिसका उद्देश्य शरीर के प्रभावित अंगों को पुनः सक्रिय कर रोग को जड़ से समाप्त करना है। शिविर में स्पोंडिलोसिस, कमर दर्द, साइटिका, नाभि खिसकना, गैस, एसिडिटी, कब्ज, सिरदर्द सहित नसों और मांसपेशियों से जुड़ी कई समस्याओं का उपचार किया जा रहा है। यह शिविर 16 से 19 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित हो रहा है। आयोजकों के अनुसार शिविर में भाग लेने के लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य है। इसी के साथ मंदिर परिसर में सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए पेंशन योजनाओं से जुड़ा विशेष सहायता अभियान भी चलाया गया। इसमें पात्र नागरिकों को विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित जानकारी देने के साथ-साथ आवेदन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को राहत और सुविधा प्रदान करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## गोगुंदा में वृद्ध पर जानलेवा हमले का मामलाः एक और आरोपी गिरफ्तार, पहले 2 हो चुके थे गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले के गोगुंदा कस्बे में 65 वर्षीय वृद्ध पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) गोपाल स्वरूप मेवाड़ा एवं पुलिस उप अधीक्षक गिर्वा गोपाल चन्देल के सुपरविजन में थानाधिकारी श्याम सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने इस मामले में फरार चल रहे आरोपी मनोहर सिंह पिता गणेश सिंह निवासी वणी, थाना गोगुंदा, जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इस प्रकरण में मुख्य आरोपी सहित दो अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

क्या था मामला

घटना 2 अप्रैल 2026 की शाम की है। प्रार्थी हरिश पालीवाल निवासी सेमटाल, थाना गोगुंदा ने रिपोर्ट दी कि उनके बड़े पापा शंकरलाल पालीवाल (65 वर्ष) दूध संग्रहण के लिए वणी गांव गए थे। वहां से लौटते समय आशापुरा होटल के पास पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल को आड़े लगाकर रोक लिया। बदमाशों ने चाकू दिखाकर बैग और जेब में रखे रुपये निकालने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लूट की नीयत से शंकरलाल पर चाकू से हमला कर दिया। हमलावरों ने उनके पैर, हाथ और पीठ पर वार किए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## घंटाघर स्थित प्राचीन शीतलनाथजी मंदिर के पास बने मूत्रालय को हटाने की मांग, ट्रस्ट ने संभागीय आयुक्त को सौंपा ज्ञापन




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के घंटाघर क्षेत्र में स्थित प्राचीन श्री शीतलनाथजी मंदिर के समीप बने सार्वजनिक मूत्रालय को हटाने की मांग तेज हो गई है। मंदिर ट्रस्ट ने इस संबंध में संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ट्रस्ट द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि यह जैन मंदिर शहर की स्थापना काल से अस्तित्व में है और धार्मिक, ऐतिहासिक तथा आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां प्रतिदिन जैन समाज के श्रद्धालुओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक भी दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मंदिर की दीवार से सटे मुख्य मार्ग पर बने सार्वजनिक मूत्रालय से लगातार दुर्गंध फैल रही है, जिससे मंदिर परिसर का वातावरण प्रभावित हो रहा है। ट्रस्ट का कहना है कि इससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं तथा मंदिर की पवित्रता और मर्यादा भी प्रभावित हो रही है। ट्रस्ट पदाधिकारी हर्ष कुमार मेहता ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त मूत्रालय को शीघ्र किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि मंदिर परिसर की गरिमा बनी रहे। मामले को लेकर जैन समाज में भी नाराजगी देखी जा रही है। ट्रस्ट ने प्रशासन से संवेदनशीलता के साथ इस विषय पर त्वरित निर्णय लेने की अपेक्षा जताई है।

## भक्ति, आस्था और उल्लास का संगम- मंगल कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ, शहर में गूंजे भजन-कीर्तन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के फतेहपुरा-बेदला रोड स्थित मंगल श्री गार्डन में गुरुवार को संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य मंगल कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कथा संयोजक सत्य नारायण गुप्ता ने बताया कि कथा का वाचन लालसौठ के सुप्रसिद्ध आचार्य पंडित विष्णुकान्त शास्त्री द्वारा व्यास पीठ से किया जा रहा है। उन्होंने श्रीमद्भागवत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कलियुग में भागवत कथा श्रवण का विशेष महत्व है। कथा के माध्यम से उन्होंने राजा परीक्षित के मोक्ष प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि सात दिन तक कथा श्रवण कर उन्होंने गोलोक वृंदावन की प्राप्ति की। इससे पूर्व सुबह सवा नौ बजे न्यू अहिंसापुरी क्षेत्र से गाजे-बाजे और लवाजमे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यजमान सत्य नारायण गुप्ता एवं श्रीमती उषा गांगाणी ने परिवार सहित श्रीमद्भागवत पोथी को सिर पर धारण कर यात्रा का नेतृत्व किया। कलश यात्रा में शामिल मातृशक्ति पारंपरिक मांगलिक परिधान में सिर पर कलश और श्रीफल धारण कर भजन-कीर्तन करते हुए पूरे मार्ग में उत्साह के साथ आगे बढ़ीं। श्रद्धालु नाचते-गाते हुए भक्ति में सराबोर नजर आए। शोभायात्रा के मंगल श्री गार्डन पहुंचने पर विधि-विधान से कलश पूजन एवं आरती की गई। इसके बाद मुख्य पांडाल में कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रारंभ में गांगाणी परिवार द्वारा भागवत भगवान, व्यास पीठ एवं आचार्य का माल्यार्पण कर आरती की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता नजर आया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।